बिहार में बेरोज़गारी की स्थिति

चर्चा में क्यों?

1 अक्टूबर, 2021 को **सेंटर फॉर मॉनटिरिंग ऑफ इंडियन इकॉनमी** के द्वारा जारी किये गए आँकड़े में यह खुलासा हुआ है कि **बिहार में अगस्त के मुकाबले सितंबर में बेरोज़गारी में 3.6 प्रतिशत की कमी** आई है।

प्रमुख बिंदु

- आँकड़ों से स्पष्ट है कि जहाँ **अगस्त माह में बेरोज़गारी 13.6 प्रतिशत थी, वहीं सितंबर माह के अंत तक घटकर 10 प्रतिशत** हो गई है।
- यद्यपि **बिहार में बेरोज़गारी अब भी राष्ट्रीय औसत 6.9 प्रतिशत से ज़्यादा** है, जो एक बड़ी चिंता का कारण बना हुआ है।
- आँकड़ों से यह भी स्पष्ट है कि बिहार में **गाँवों की तुलना में शहरों में बेरोज़गारी अधिक** है।
- **ग्रामीण बेरोज़गारी घटकर जहाँ नौ प्रतिशत** के स्तर पर आ गई है, वहीं **शहरी बेरोज़गारी अभी भी 16.9** प्रतिशत है।
- बिहार में पिछले तीन माह की बेरोज़गारी से संबंधित आँकड़े नीचे चार्ट में दिये गए हैं-

आंकड़े प्रतिशत में			
	जुलाई	**अगस्त**	**सितंबर**
कुल बेरोज़गारी	13	13.6	10
शहरी बेरोज़गारी	17.5	19.5	16.9
ग्रामीण बेरोज़गारी	12.4	12.8	09

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/status-of-unemployment-in-bihar